संघ शक्ति सर्वदा

लेखपाल संघ–जिन्दाबाद

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजी० संख्या : 75-4/II-A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालय : आलमबाग (सुजानपुरा, ओमनगर), पुराना बस स्टेशन के सामने, लखनऊ

Web : www.lekhpal.wordpress.com  E-mail : lekhpal.up@gmail.com

**राम मूरत यादव**
प्रदेश अध्यक्ष
: +91-9456225600
पत्रचार : मो. शिव दयाल कम्पाउंड, निकट आई.टी.सी., सहारनपुर-247001(उ.प्र.)

**ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव**
प्रदेश महामंत्री
: +91-9515281875
पत्रचार : कृष्णा नगर, देवरिया खास, निकट गीता भवन, हनुमान मंदिर, देवरिया (उ.प्र.)

**उपाध्यक्षगण**

दीपक त्यागी
(पश्चिमी जोन)
–9536500281

राजेन्द्र सिंह कछवाह
(मध्य जोन)
–9450223683

रामपूजन राम
(पूर्वी जोन)
–9451510484

**कोषाध्यक्ष**

विनोद कुमार कश्यप
–8923920103

**संगठन मंत्रीगण**

सुदेश कुमार
(पश्चिमी जोन)
–9758547258

मनोज त्रिपाठी
(मध्य जोन))
–9415434880

विनोद यादव
(पूर्वी जोन)
–9415678593

**लेखापरीक्षक**

भूपेन्द्र सिंह
–9198895639

पत्रांक: म०सं०/107  दिनांक: 26/04/2017

सेवा में,

मा0 आयुक्त एवं सचिव
राजस्व परिषद, उ0 प्र0
अनुभाग–4, लखनऊ

विषयः– तहसील दिवस में अन्य विभागों की भॉति राजस्व विभाग के प्रतिनिधि के रूप में केवल नोडल अधिकारी की उपस्थिति विषयक।

महोदया,

सादर अवगत कराना है कि शासन द्वारा जनसुनवाई हेतु माह में पहले व तीसरे मंगलवार को तहसील मुख्यालयों पर तहसील दिवस का आयोजित करने के निर्देश हैं, जिसमें समस्त विभागों के नोडल अधिकारियों की उपस्थिति के निर्देश हैं।

महोदया, तहसील दिवस में चकबन्दी, विकास, पुलिस, समाज कल्याण, स्वास्थ्य आदि समस्त विभागों के नोडल अधिकारी/प्रतिनिधि ही उपस्थित होते हैं और तहसील दिवस में इन विभागों से सम्बन्धित जो भी जनशिकायतें प्राप्त होती हैं उनपर प्रभारी अधिकारी द्वारा निर्देश अंकित कर प्रार्थना पत्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग के नोडल अधिकारी/प्रतिनिधि को दे दिये जाते हैं। कतिपय जनपदों/तहसीलों में लेखपालों को तहसील दिवस में राजस्व विभाग से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त होने पर प्रभारी अधिकारी के सम्मुख अपराधी की भॉति पेश किया जाता है और कई बार अधिकारियों के द्वारा अपमानजनक व्यवहार भी सार्वजनिक रूप से किया जाता है। जिससे लेखपाल की सामाजिक एवं पदीय प्रतिष्ठा व मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पडता है तथा क्षेत्र में भी लेखपाल के कार्यों की स्वीकार्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है।

महोदया, दिनॉक 15 व 16 अप्रैल 2017 को उ0 प्र0 लेखपाल संघ की प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक में जनपद के प्रतिनिधियों द्वारा उपरोक्त स्थिति पर रोष प्रकट किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि तहसील दिवस में अन्य विभागों के समकक्ष कर्मचारियों की भॉति लेखपाल भी प्रभारी अधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे।

अतः महोदया से निवेदन है कि समस्त जिलाधिकारीयों को निर्देशित करने की कृपा करें कि तहसील दिवस में शासनादेश के अनुरूप एकरूपता स्थापित करते हुये अन्य विभागों की भॉति राजस्व विभाग से सम्बन्धित जनशिकायतें राजस्व विभाग के नोडल अधिकारी/प्रतिनिधि को ही दी जाये, लेखपालों को प्रभारी अधिकारी के समक्ष अपराधी की भॉति उपस्थित होने के लिए बाध्य न किया जाये। लेखपाल संवर्ग अपने पदीय दायित्वों के निवर्हन एवं तहसील दिवस में प्राप्त जनशिकायतों/जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए निष्ठापूर्वक प्रतिबद्ध है।

संस्था महोदया की आभारी रहेगी।

भवदीय

(ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव)
महामंत्री

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. मा0 अध्यक्ष , उ0 प्र0 लेखपाल संघ।
2. मा0 समस्त जिलाधिकारी , उ0 प्र0।
3. समस्त जिलाध्यक्ष/ जिला सचिव, उ0 प्र0 लेखपाल संघ।

(ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव)
महामंत्री